आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 08.12.2025  समय : 07.10PM

मुख्य समाचार,

- लोकसभा में वंदे मातरम् पर विशेष चर्चा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा- स्वाधीनता सेनानियों के सपनों को साकार करने के लिए आज भी राष्ट्र को प्रेरित कर रहा राष्ट्रीय गीत।
- ग्वालियर में 2 लाख करोड़ निवेश वाली इकाइयां इस महीने के अंत तक होंगी शुरू। मुख्यमंत्री ने पिछले दो वर्ष में एमएसएमई की 31 प्रतिशत ग्रोथ पर दी बधाई।
- 3- प्रदेश में एसआईआर का कार्य अंतिम चरण में, कई जिलों में डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा।  और
- बर्फीली हवाओं से गिरा पारा। इंदौर, उज्जैन और जबलपुर संभाग के कई जिलों में रहा कोल्ड डे।

वंदे मातरम-संसद

लोकसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर आज चर्चा हुई। चर्चा की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वंदे मातरम के मंत्र ने समूचे देश को शक्ति और प्रेरणा दी और स्वतंत्रता आंदोलन को ऊर्जावान बनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज वंदे मातरम का स्मरण इस सदन के सभी सदस्यों और देशवासियों के लिए सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम ने वर्ष 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री मोदी ने कहा कि जब वंदे मातरम अपनी 100वीं वर्षगांठ मना रहा था, तब देश आपातकाल से प्रभावित था।

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

श्री मोदी ने वंदे मातरम पर समझौता करने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राष्ट्रीय गीत के मुद्दे पर मुस्लिम लीग के समक्ष समर्पण कर दिया। चर्चा में भाग लेते हुए, कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि बंगाल के कई लेखकों और कवियों ने स्वाधीनता आंदोलन में प्राण फूंकने वाले गीत लिखे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण के दौरान चर्चा को राजनीतिक रंग देने की कोशिश की है।

सीएम खजुराहो

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज खजुराहो में आयोजित जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, राजस्व विभाग और एसएसएमई के कार्यों की समीक्षा कर विगत दो वर्षों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। डॉ. यादव ने एमएसएमई विभाग के अधिकारियों से कहा है कि वे इंदौर और भोपाल मेट्रोपॉलिटन सिटी के दृष्टिगत विकसित औद्योगिक क्षेत्रों को उद्योग जगत के बीच इस तरह से प्रचारित और प्रस्तुत करें, जिससे अधिक से अधिक औद्योगिक इकाइयां स्थापित हों तथा व्यापक निवेश और रोजगार सृजित हो सकें। उन्होंने उद्योग वर्ष के समापन पर इस माह के अंत तक ग्वालियर में लगभग 2 लाख करोड़ निवेश वाली इकाइयों के भूमिपूजन औद्योगिक भूखंड आवंटन, शुभारंभ आदि का व्यापक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री ने एमएसएमई के पंजीकरण में जबरदस्त 31 प्रतिशत की ग्रोथ पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे पिछले दो वर्ष में छोटे उद्योगों के लिए राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए शानदार वातावरण का उदाहरण बताया। उन्होंने जनजातीय एवं अनुसूचित जाति वर्ग के समग्र विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि हर पात्र हितग्राही तक खाद्यान्न वितरण का लाभ सुगमता से पहुंचे। जरूरतमंद गरीबों, श्रमिकों, किसानों और महिलाओं का कल्याण हमारी प्राथमिकता है। बैठक में मुख्य रूप से लक्षित सार्वजनिक प्रणाली, उपार्जन प्रक्रिया, तकनीकी नवाचार, सिंहस्थ 2028 की तैयारियों सहित विभिन्न विषयों पर रिव्यू किया गया। कल खजुराहो में पहली बार राज्यमंत्री परिषद की बैठक आयोजित की जा रही है। जिसमें विशेष रूप से बुंदेलखंड के विकास के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

नागर विमानन मंत्रालय- इंडिगो

नागर विमानन मंत्रालय ने बताया है कि पहली से 7 दिसंबर के बीच 5 लाख 86 हज़ार 700 से ज़्यादा पीएनआर रद्द किए गए और और उनका किराया वापस किया गया। इससे 569 करोड़ रुपये से ज़्यादा का किराया वापस हुआ। मंत्रालय ने बताया कि कुल 9 हज़ार बैगों में से 4 हज़ार 500 बैग यात्रियों तक पहुँचा दिए गए हैं और बाकी बचे बैग अगले 36 घंटों में पहुँचा दिए जाएँगे। मंत्रालय के अनुसार, इंडिगो एयरलाइन 138 में से 137 गंतव्यों के लिए 1 हज़ार 800 से ज़्यादा उड़ानें संचालित कर रही थी, जिनमें से 500 उड़ानें रद्द हों गई।

एसआईआर

निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण -एसआईआर के दूसरे चरण के शुरू होने के बाद से मतदाताओं को 50 करोड़ 95 लाख से ज़्यादा गणना

प्रपत्र बांटे गए हैं। यह लगभग 51 करोड़ मतदाताओं का 99 दशमलव नौ-पांच प्रतिशत है। आयोग ने कहा कि अब तक लगभग 50 करोड़ फॉर्म को डिजिटाइज़ किया जा चुका है। इधर प्रदेश में भी सभी जिलों में एसआईआर का कार्य पूर्ण होने की ओर है। देवास जिले में अबतक 99.93 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का कार्य हो गया है। खंडवा कलेक्टर ने आज खण्डवा नगर की वार्ड सभाओं का निरीक्षण किया, उन्होंने निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। भोपाल जिले में 21 लाख 25 लाख से ज्यादा वोटर्स के फॉर्म डिजिटाइज किए गए, लेकिन 2 लाख 26 हजार वोटर्स ऐसे मिले, जिनका 2003 की वोटर्स लिस्ट के अनुसार डेटा नहीं मिला है। नर्मदापुरम में एसआईआर की क्या स्थिति है बता रहे हैं हमारे संवाददाता तनुज तिवारी।

शिवराज-कृषि शिखर सम्मेलन

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वर्ष 2014 से भारत के गन्ना उत्पादन में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। श्री चौहान ने नई दिल्ली में आज कृषि व्यवसाय शिखर सम्मेलन 2025 में कहा कि सरकार ने बाज़ार हस्तक्षेप योजना के अंतर्गत किसानों की उपज का उचित मूल्य प्रदान करने के लिए एक प्रावधान पेश किया है। कृषि मंत्री ने एक हेक्टेयर से कम औसत भूमि वाले छोटे किसानों के लिए एकीकृत कृषि मॉडल, मूल्य संवर्धन, मत्स्य और पशुपालन में विविधीकरण तथा जैव-आदानों पर कडे नियमों पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि बागवानी फसलों की दर एक निश्चित सीमा से नीचे आने पर सरकार मॉडल दर और बिक्री मूल्य के बीच के अंतर की राशि सीधे किसान के खाते में जमा करेगी।

मुख्यमंत्री-पन्ना नेशनल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सुबह पन्ना नेशनल पार्क के मडला गेट से 10 नई वीविंग कैंटर बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अब इन बसों के जरिए पर्यटक जंगल सफारी का रोमांचक अनुभव और अधिक सुविधाजनक तरीके से ले सकेंगे। इन कैंटर बसों में एक साथ 19 पर्यटकों के बैठने की क्षमता है। यह बसें अन्य सफारी वाहनों की तुलना में अधिक लंबी और ऊंची हैं, जिससे पर्यटकों को बेहतर दृश्य और अधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए ये बसें अधिक सुरक्षित मानी जा रही हैं। इन बसों की लंबाई और ऊंचाई भी अधिक है, जिससे सफर के दौरान पर्यटकों को ज्यादा जगह और आराम मिलता है।

मौसम

अब खबर मौसम की, प्रदेश इस समय कड़ाके की ठंड की चपेट में है। बर्फीली हवाओं ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया है। राजधानी भोपाल में पिछले तीन दिनों

से लगातार शीतलहर का असर बना हुआ है, जबकि इंदौर, उज्जैन और जबलपुर संभाग के कई क्षेत्रों में कोल्ड डे की स्थिति दर्ज की गई है। मौसम विभाग का कहना है कि पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और बारिश  के चलते  अगले दो दिनों तक प्रदेश में मौसम ऐसा ही बने रहने की संभावना है। राजगढ़ से हमारे संवाददाता ने बताया है कि कल जिले में न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तेज ठंड की वजह से जनजीवन भी असर पड़ा है।

संक्षिप्त समाचार

- नगर निगम भोपाल कलखेड़ा और हिनौतिया आलम में हाउसिंग फार आल के सेकंड प्रोजेक्ट तैयार करेगा। जिसके लिए नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने मंजूरी दे दी है।
- बैतूल जिले में 19 से 25 दिसंबर 2025 की अवधि के दौरान सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर अभियान चलाया जाएगा।
- आगरमालवा में कॉलेज चलो अभियान के तहत जिले के शासकीय स्नातक महाविद्यालय सोयतकलां की विजिट टीम ने आज दो स्कूलों के 11वीं एवं 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों से संवाद कर विभिन्न सरकारी एवं निजी छात्रवृत्ति योजनाओं, की जानकारी दी।
- शिवपुरी जिले में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत कल कक्षा 9 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए 8 केंद्रों पर पहली बार जिले में ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया।
- मंदसौर में 10 वर्षों से अधिक समय से निष्क्रिय बैंक खातों में जमा राशि को खाताधारकों तक पुनः पहुंचाने के उद्देश्य से 12 दिसंबर को आपकी पूंजी आपका अधिकार विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा
- खण्डवा में नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर शनिवार को आयोजित की जाएगी।
- इस बुलेटिन में इतना ही अगला बुलेटिन सुनिए सुबह 7 बजकर 10 मिनिट पर, नमस्कार

-----------------------------